हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
मंगलवार, 26 अक्तूबर 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

Page No : 04 TOP

मिशन स्कूल व राधा माधव क्वार्टर फाइनल में

बरेली। श्रीराममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन मिशन पब्लिक स्कूल और राधा माधव स्कूल ने जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग के क्रिकेट मैदान पर आदर्श निकेतन स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मिशन पब्लिक स्कूल ने 20 ओवर में 152 रन बनाए, जिसमें ऑलराउंडर असद ने 66 गेंदों में 68 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आदर्श निकेतन स्कूल की टीम 54 रन पर ढेर हो गई। दूसरे मैच में सेक्रेड हार्ट्स की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 70 रन पर सिमट गई। राधा माधव स्कूल की तरफ से गेंदबाजी में अनिल गंगवार ने 4 ओवर में 9 रन देकर 4 विकेट और कप्तान अनुज राणा ने 2 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए राधा माधव की टीम ने 6 विकेट से मैच जीत लिया।